

## एक नजर में

### मिनी गोल्फ चैंपियनशिप 20 एवं 21 को

**देवास।** जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन अध्यक्ष स्वप्निल जैन एवं सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि 20 एवं 21 दिसंबर को चौथी राज्य सब जूनियर एवं जूनियर मिनी गोल्फ बालक- बालिका चैंपियनशिप का आयोजन पद्मजा स्कूल खेल मैदान पर किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के मिनी गोल्फ के सचिव कौशल शिवरे ने चैंपियनशिप का दायित्व देवास जिले को सौंपा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 जनवरी से 8 जनवरी तक नागपुर में आयोजित हो रही है। इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश टीम भाग लेगी। मध्य प्रदेश टीम का चयन देवास चैंपियनशिप के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल बनाने के लिए सदस्य समिति - डॉक्टर कोमल जैन, पंकज वर्मा, राजीव श्रीवास्तव, पवन यादव, निधि सांवनेर ने अपील की है।

### टोंकखुर्द में राष्ट्रीय लोक अदालत हुई संपन्न


**टोंकखुर्द।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को न्यायालय परिसर टोंक खुर्द में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया ।लोक अदालत के प्रारंभ में न्यायाधीश आयुषी गुप्ता उपाध्याय व आयुषी श्रीवास्तव ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया ।इस अवसर पर उपस्थित पक्षकारों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा कि नेशनल लोक अदालत मामलों के त्वरित निपटारे का सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने बताया कि इससे समय, श्रम और धन की बचत होती है। साथ ही समझौते के आधार पर मामलों के निपटारे से पक्षकारों और समाज में आपसी सौहार्द बना रहता है। न्यायाधीश आयुषी श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत से न्यायपालिका और जनता के बीच का विश्वास और मजबूत हुआ है, और लोगों को त्वरित न्याय की एक नई राह मिली है। यह पहल आमजन के लिए न्याय तक पहुँच को सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल साबित हो रही है। ।न्यायाधीश आयुषी गुप्ता उपाध्याय की खंडपीठ में आपराधिक 23, चेक बाउंस 1,दीवानी 1,विविध 4 कुल - 29 प्रकरणों का निराकरण हुआ और एक लाख रु की राशि संबंधित पक्षकारों को प्राप्त हुई ।वहीं न्यायाधीश श्रीमती आयुषी श्रीवास्तव की खंडपीठ में आपराधिक 11, चेक बाउंस 4, विविध 9, कुल - 24 प्रकरणों का निराकरण हुआ और संबंधित पक्षकारों को 12,20,000/- रु की राशि प्राप्त हुई ।, नगर परिषद के कुल 22 प्रकरणों का निराकरण हुआ और 109981/- रूपये की राशि परिषद को प्राप्त हुई और विभिन्न बैंकों के 17 प्रकरणों के निराकरण से 27,05,000/- रूपये की राशि बैंकों को प्राप्त हुई। इस प्रकार टोंक खुर्द न्यायालय की दोनो खंड पीठों में 55 और नगर परिषद के 22 और बैंकों के 17 प्रकरण साहित कुल 82 प्रकरणों का निराकरण हुआ ।लोक अदालत में राजीनामा करने वालो पक्षकारों को न्यायाधीशगण आयुषी गुप्ता उपाध्याय व आयुषी श्रीवास्तव ने पोधे वितरित किए। लोक अदालत में सुलह कराने में टोंक खुर्द बार के अधिवक्तागण व,न्यालयीन कर्मचारीगण का सराहनीय योगदान रहा।

### मनुष्य को फरिश्ता बना देती है परोपकार की भावना



**देवास।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कालानी बाग सेंटर में मां चामुंडा सेवा समिति की ओर से ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी एवं संत पूर्णानंद जी महाराज के सानिध्य में एवं समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में सेवा कार्यों में लगी माता बहनों को कंबल भेंट किए गए। कार्यक्रम समाजसेवी दीपक मन्नूलाल गर्ग, सुरेश जयसवाल, दीपिका खंडेलवाल रामाश्रय मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीभगवान जाजू, सतीश कुमार अभिषेक सोनी, ओम तापड़िया थे। ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने इस दौरान अपनी अमृतवाणी में कहा कि परोपकार की भावना मनुष्य को फरिश्ता बना देती है। ऐसी आत्माएं जो दूसरों के हित साधन में अपनी संपूर्ण जिंदगी को समर्पित कर देते हैं वही असल मे परोपकारी होते है। परोपकार के समान कोई धर्म नहीं। आगे कहा कि मन वचन और कर्म से परोपकार की भावना से कार्य करने वाले व्यक्ति संत की श्रेणी में आते हैं। यह ऐसा कृत्य है जिसके द्वारा शत्रु भी मित्र बन जाता है। जिस तरह से वृक्ष कभी अपना फल नहीं खाता, नदी अपना पानी नहीं पीती, सूर्य हमें रोशनी देकर चला जाता है। दया, प्रेम, अनुराग, करुणा एवं सहानुभूति आदि के मूल में परोपकार की भावना समाहित होती है। रामेश्वर जलोदिया ने कहा कि बुजुर्ग हमारे प्रणेता व परिवार की अमूल्य धरोहर होती हैं। जिनकी सेवा करना हमारा परम कर्तव्य होता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, अपुलश्री दीदी, समाजसेवी नरेंद्र मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, अभिषेक तिवारी मुरलीधर पांचाल, प्रदीप लाठी, बंसीलाल राठौर भाई, विवेक भाई, एकता बहन, हेमा वर्मा बहन, मंजू जलोदिया, प्रेमलता चौहान, सुधा सोलंकी, संगीता जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर जलोदिया ने किया। आभार ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने माना।

### देवास स्टेशन से दूर होतीं लंबी दूरी की ट्रेनें




**देवास।** लंबी दूरी की ट्रेनों का देवास रेलवे स्टेशन से दूरी बनाना शहर के यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। ज्यादातर ट्रेनें इंदौर से सीधे उज्जैन जा रही हैं, जिससे देवास जिले के हजारों यात्रियों का समय और धन दोनों बर्बाद हो रहे हैं। देवास में ट्रेनों के स्टॉपेज कम होते जा रहे हैं। इस स्थिति को लेकर नगर जनहित सुरक्षा समिति ने तीखी नाराजगी जाहिर की है। नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिलसिंह बैस, विनोदसिंह गौड़ व विजयसिंह तंवर ने बताया कि पहले भी हमने मांग पत्र दिए हैं। इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लंबी दूरी की ट्रेनें देवास नहीं आने से शहर के यात्रियों को इंदौर या उज्जैन जाकर ट्रेन पकड़ने की मजबूरी है। इससे यात्रियों का समय, अतिरिक्त किराया और मानसिक परेशानी तीनों बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवास औद्योगिक नगरी है। देवास जिले से भोपाल, कानपुर, लखनऊ, छतरपुर, प्रयागराज, अयोध्या सहित कई बड़े शहरों के लिए जाने वाले यात्री लगातार परेशान हो रहे हैं। अमृत भारत, प्रयागराज-इंदौर, महाकाल एक्सप्रेस और इंदौर-अयोध्याधाम जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का देवास में स्टॉपेज नहीं होना बड़ी समस्या बन गई है। सभी ट्रेनें इंदौर से फतेहाबाद होकर सीधे उज्जैन जा रही हैं, जिससे देवास पूरी तरह नजरअंदाज हो रहा है। समिति के सुभाष वर्मा, सुनीलसिंह ठाकुर, अनूप दुबे, सुरेश रायकवार, तकीउद्दीन काजी, उमेश राय ने देवास में लंबी दूरी की ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग करते हुए कहा कि यह फैसला देवास जिले के हजारों यात्रियों के हित में जल्द से जल्द लिया जाना चाहिए। जिले के यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इन ट्रेनों को देवास होते हुए संचालित करना चाहिए।

# 3 वर्ष पूर्व बना सामुदायिक स्वच्छता परिसर ताले में बंद

**भवन बनने के बाद से ही ताले में बंद है**



**देवास/बागली।** अप्रैल 2022 में जिला स्वच्छता अभियान के तहत चयनित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 3 लाख 28 हजार की लागत से स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया इसी में शामिल ग्राम रामपुरा मुख्यालय में ग्राम पंचायत गुवाड़ी एवं ग्रामपंचायत चार बर्डी द्वारा अलग-अलग स्थान पर महक 200 मीटर की दूरी पर इसी योजना के तहत महिला एवं पुरुष शौचालय निर्माण करवाए गए स्वच्छता परिसर के यह भवन बनने के बाद से ही ताले में बंद है। पंचायत के चौकीदार ने बताया कि इसकी साफ सफाई की राशि अलग से नहीं आने के कारण इन्हें खोला नहीं जा रहा है। जबकि इस स्थान पर गुरुवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता है और यह गांव मुख्य चौराहे पर होने की वजह से आसपास की तीन ग्राम पंचायत के 12 से अधिक गांव के लोग यहां पर किसी ने किसी कार्यवश आते हैं यहीं से बागली मुख्यालय का रास्ता होने के कारण बड़ी देर तक आसपास के ग्रामीण यहां पर रुकते भी हैं। लेकिन यहां बने दोनों सामुदायिक स्वच्छता परिसर ताले में बंद होने की वजह से अन उपयोगी साबित हो रहे हैं इस संबंध में कई बार बागली जनपद सीईओ को अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया दो ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव तथा रोजगार सहायक भी इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे शनिवार को जबरदस्ती चौकीदार से चाबी लेकर इन्हें खोल कर देखा तो यह अव्यवस्थित रूप से बने हुए दिखाई दिए और गंदगी के साथ-साथ टूट भी दिखाई दी दरवाजे टूटने लगे हैं और टाइल्स उखड़ने लगी है एक बार भी उपयोग नहीं आने के बावजूद भी उनकी यह हालत होना चिंता का विषय है। क्षेत्र से जुडे आदिवासी नेता भगवान सिंह कासली वाल ने बताया कि आज भी कई घरों में पक्के शौचालय नहीं है यदि सार्वजनिक स्वच्छता परिसर के ताले हट जाए तो उनकी समस्या दूर हो सकती है। शादी विवाह समारोह और मृत्यु समझ में बड़ी संख्या में मेहमान आते हैं ऐसे में वह सोच करने के लिए इधर-उधर जाने को मजबूर है जबकि मुख्यालय गांव में दो शौचालय निर्मित है उन पर हमेशा ताला लगा रहने से उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

# खेड़ा और रामपुर को जोड़ने वाली लिंक रोड जर्जर अवस्था में



**बागली।** आदिवासी बहुल्य ग्राम पंचायत धावडिया के ग्राम खेड़ा एवं चार बर्डी ग्राम पंचायत के ग्राम रामपुरा को जोड़ने वाली 2 किलोमीटर की ग्रेवल मार्ग सड़क जर्जर अवस्था में आ गई है। इस मार्ग के जरिए बागली मुख्यालय की दूरी दोनों ग्राम पंचायत मुख्यालय से कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में प्रतिदिन छोटे बड़े वाहन इस मार्ग का उपयोग करते हैं। यह दोनों मार्ग आगे चलकर बागली में ही मिलते हैं एक मार्ग शिवाजी चौराहा बागली पर मिलता है दूसरा मार्ग बेहरी फाटा बागली पर मिलता है। इसलिए यह छोटा सा 2 किलोमीटर का टुकड़ा स्थानी लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय वासीयो को जिस तरफ के गांव में जाना होता है उसे तरफ निकल जाते हैं 1 मार्ग पर मालीपुर अंबा पानी कैलाश नगर आते हैं दूसरे मार्ग पर चौपाल चैनपुरा बेहरी गांव आते हैं।

## संतोषी लिंबोदिया को इलाज के लिए दिल्ली एम्स भेजा



**देवास।** भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश के महामंत्री माखन सिंह धाकड़ ने बताया कि विनोद लिंबोदिया की पुत्री संतोषी लिंबोदिया 13 वर्ष की है जिसे दोनों आंखों से दिखाई देना बंद कर हो गया था। इस संबंध में जब विनोद लिंबोदिया मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य का निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सदस्य लोकेश विजयवर्गीय से मिले और संतोषी के बारे में अवगत कराया तो विजयवर्गीय व धनंजय गायकवाड ने तुरंत मजदूर का बेटा रामेश्वर गायकवाड जो नोएडा में एमबीबीएस डॉक्टर से तुरंत चर्चा कर इस बालिका के इलाज के लिए संपर्क किया और दिल्ली एम्स में अपॉइंटमेंट दिलवाकर 15 दिसम्बर को सुबह 8.30 बजे नेत्र रोग विशेषज्ञ ने दिल्ली बुलाया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड, विनोद महेश्वरी, सुरेश माहेश्वरी, भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश के महामंत्री माखन सिंह धाकड़, भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता गोलू ठाकुर, गुर्जर समाज के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुर्जर ने सहयोग की राशि देकर विनोद लिंबोदिया को दिल्ली एम्स के लिए रवाना किया।

# खिलाड़ियों से देशभक्ति की भावना होती है सशक्त : सोलंकी

**69वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की चांदी**




**देवास।** खिलाड़ी भारत के लिए खेलता है। खिलाड़ियों से देशभक्ति की भावना सशक्त होती है। यह विचार पायोनियर पब्लिकस्कूल में 69 वी राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रकट किए। प्रतियोगिता संयोजक एवं विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि समारोह के मुख्यअतिथि महेन्द्रसिंह सोलंकी, सांसद देवास शाजापुर लोकसभा, अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव ने की। विशेष अतिथि राजेश यादव, जिला महामंत्री भा ज पा देवास, एसजीएफआई के पर्यवेक्षक राकेश सिंह, सॉफ्ट टेनिस संघ के जिलाध्यक्ष, महेश चौहान थे। श्री सेंधव ने कहा कि खेल भावना जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय, विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते, हेमेंद्र निगम काकू भारती नेक्या,मनीष जायसवाल, गौरव कदम महेश सोनी, शैलेंद्र सांगते,विपुल चौहान ने किया। इस अवसर पर इस खेल स्मारिका राष्ट्रीय एकता का विमोचन भी किया गया। विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों को स्वर्ण,रजत, काँस्य पदक प्रदान किए गए। विभिन्न राज्यों के जनरल मैनेजर व ऑफिशियल्स को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। संचालन अरविंद त्रिवेदी एवं प्रीति पवार ने किया। आभार विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने माना।

**ये रहे प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम ...**

अंडर 19 बालक वर्ग में गुजरात प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय,महाराष्ट्र तृतीय रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में महाराष्ट्र प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय,गुजरात तृतीय रहा। अंडर 14 बालक वर्ग में सीबीएसई वेलफेयर प्रथम,गुजरात द्वितीय,पंजाब तृतीय रहा। अंडर 19 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम,महाराष्ट्र द्वितीय,छत्तीसगढ़ तृतीय रहा। अंडर 17 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम,गुजरात द्वितीय,सीबीएसई वेलफेयर तृतीय रहा। अंडर 14 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम,पंजाब द्वितीय,सीबीएसई वेलफेयर तृतीय रहा।

# राजपूत करणी सेना की समान अधिकार यात्रा के साथ आमसभा

**14 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन**



**सोनकच्छ।** श्री राजपूत करणी सेना ने रविवार को सोनकच्छ से मध्य प्रदेश में ईडब्ल्यूएस स्वर्ण क्रांति का आगाज किया। संगठन ने प्रदेश सरकार से सामान्य वर्ग के लिए दिए गए ईडब्ल्यूएस आरक्षण को राजस्थान और गुजरात की तर्ज पर लागू करने की मांग की है। करणी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा) के पदाधिकारियों ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को राजस्थान की तर्जपर लागू करने की मांग को लेकर एक समान अधिकार यात्रा निकाली। इस यात्रा में जिले की विभिन्नत तहसीलों से राजपूत समाज के साथ सर्व समाज के लोगों के साथ सामान्य वर्ग के लोग भी शामिल हुए। यात्रा स्थानीय बस बस स्टैंड से लेकर कृषि उपज मंडी तक आयोजित की गई। इस यात्रा में क्षेत्र सहित प्रदेश के हजारों लोग शामिल हुए यात्रा का नगर वासियों ने स्वागत द्वारा लगाकर पुष्प वर्षा का स्वागत किया। यात्रा में भाजपा नेता विक्रमसिंह पवार, सुरेंद्र सिंह गौड़, करणी सेना जिला अध्यक्ष चिंटू रघुवंशी , देवास जिला पंचायत उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल, कृष्णपाल सिंह बघेल सहित प्रदेश से आए करणी सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा बस स्टैंड से निकलकर मुख्य मार्ग से निकलकर कृषि उपज मंडी परिसर में पहुंची। जहां पर एक विशाल आम सभा को संबोधित किया गया। सेना के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम संजीव सक्सेना को सौंपा गया। सभा को पवार व करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष चिंटू रघुवंशी ने संबोधित किया ।संगठन के प्रदेश प्रभारी ठा. जितेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि सामान्य वर्ग को मिले 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है ।उनकी मांग है कि इस आरक्षण को राजस्थान ओर गुजरात की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी लागू किया जाए।

चौहान ने चेतावनी दी कि यदि सरकार हमारी 14 सूत्रीय उनकी मांगें पूरी नहीं करती है, तो सोनकच्छ से शुरू हुआ यह आंदोलन पूरे मध्य प्रदेश में जिला स्तर पर चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस आंदोलन में सामान्य वर्ग के अन्य संगठन भी उनके साथ जुड़े हुए हैं। उधर सोनकच्छ मुस्लिम समाज ने भी करणी सेना को उनका समर्थन पत्र सौंपा। इसके अलावा अन्य समाज ने भी समर्थन सौंपा। इस कार्यक्रम को मातृशक्ति का भी समर्थन मिला। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र मेहता ने किया। आभार अमित दरबार ने माना।

# मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया

**देवास।** मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष सफलतम पूर्ण होने पर मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन ने एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बधाई प्रेषित की है साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा चालू की गई शासन की अनेको योजनाओं से लाभान्वित परिवारों ने भी मुख्यमंत्री को बधाई प्रेषित की मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी शोभा जोशी चमेली नायक रेखा शर्मा आदि पदाधिकारी महिलाओ ने मध्य प्रदेश शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना लाडली बहन योजना निरंतर चलने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ देवास विधानसभा इकाई अध्यक्ष हाटपीपल्या पवन नागर बरोठा संभागीय पदाधिकारी ओम प्रकाश पटेल देवास कृष्णकांत कुंडल कन्नौद सरपंच लखन लाल उईके पलासी रामचंद्र जाटव बंधावा आनंद जोनवाल इकलेरा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल सोहन पटेल राजेश मालवीय अजय शर्मा जगदीश परसाई बैडगाव हरीश तिवारी राजेश दीक्षित राजेश मिणा इकलेरा जगदीश यादव राम यादव भूरा मोहाई जागीर शेख सलीम कुरैशी गोरव बाल्दी प्रमोद व्यास संजू शर्मा मनोज व्यास गजानन जारवाल लोहारदा सुरेश पटेल अमर सिंह मीणा महेश जारवाल शिव मीणा पवन मीणा ओम प्रकाश गोमलाडू जिलवानी सेक्टर अध्यक्ष लक्ष्छीराम उईके अशोक कुमावत हीरालाल गहलोत अशोक यादव हरिओम परमार ग्राम मोला आदि लोगों ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बधाई प्रेषित की।

## राष्ट्रचिंतन कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक



**देवास ।** वीर बलिदानी सुनील जोशी के बलिदान दिवस पर दिनांक 29 दिसम्बर 2025 सोमवार को संस्था धर्मपथ द्वारा राष्ट्रचिंतन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजित राष्ट्रचिंतन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मिश्रीलाल नगर स्थित कैलादेवी मंदिर प्रवचन हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित श्री श्री 1008 कृष्ण गोपलदास जी महाराज ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हिन्दू वीर सुनील जोशी ने राष्ट्र एवं समाज के लिए सेवा कार्य किए। स्वर्गीय जोशी की स्मृति में 29 दिसम्बर को बलिदान दिवस पर संस्था धर्मपथ द्वारा राष्ट्रचिंतन कार्यक्रम गोकुल गार्डन में शाम 06 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक अश्विनी उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में सनातन एवं विश्व गुरु भारत पर अपने विचार रखेंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे एवं सुझाव दिए । कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग शामिल हो इस हेतु कार्यकर्ताओं को जवाबदारी सौंपी गई । संस्था अध्यक्ष वासुदेव परमार ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में समाज के सभी नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होगे । आयोजन को लेकर संस्था धर्मपथ द्वारा तैयारियां की जा रही है । कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी राष्ट्र भक्त नागरिकों का ई रजिस्ट्रेशन किया जाएगा । ई रजिस्ट्रेशन होने पर ही कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा । संस्था धर्मपथ ने नागरिकों से आग्रह किया है की कार्यक्रम में शामिल होने हेतु शीघ्र ही ई रजिस्ट्रेशन करा कर सहयोग प्रदान करें । इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ रामचरण पटेल , माखनसिंह सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन, कार्यकर्तागण एवं मातृ शक्ति उपस्थित थी । जानकारी संस्था सचिव रोहित चौहान ने दी ।

**एक नजर** समिति ने संगीत प्रतिभाओं को किया सम्मानित

# मालवा कबीर महोत्सव में गूंजे स्वर, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



**देवास।** नागेश्वर संगीत कला संस्कृति एवं साहित्य समिति के तत्वावधान में 13 दिसम्बर की शाम को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में सूर्य की ढलती किरणों के साथ शाम 5.30 बजे से आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर गुरूवर के.डी.वी. मिशन के प्रांत संगठन प्रमुख महंत सतीषदास साहब द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसार भारती आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी ब्रह्म प्रकाश चतुर्वेदी, बालीवुड फिल्म अभिनेत्री नेहा कपूर, समाज सेवी फिरोज अहमद (राजा वारसी) रहे। अध्यक्षता संगीत सम्राट उस्ताद रजब अली खां संगीत कल्याण समिति के अध्यक्ष मुनव्वर खान ने की। अतिथियों व कलाकारों का स्वागत समिति अध्यक्ष काजल नागेश्वर, देवेन्द्र नागेश्वर एवं इंटक जिलाध्यक्ष महेश राजपूत, ओम प्रकाश नागेश्वर शाहबुद्दीन मंसूरी, लियाकत खान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कबीर वाणी भजन गायक सत्यनारायण सूर्यवंशी ने अपने साथियों के साथ गुरबानी पेश कर कार्यक्रम का आगाज किया।

प्रसिद्ध भजन गायक दंपत्ती सुमित्रा देवी एवं बद्रीलाल मालवीय द्वारा सारगर्भित तरीके के साथ प्रस्तुति देकर प्रोग्राम को आगे बढ़ाया । जिले की भजन गायिका माया-लीलाबाई मालवीय मां बेटी की जोड़ी की आकर्षक प्रस्तुति से हॉल में श्रोतागणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से ठंड के मौसम में गर्मी का अहसास कराया। देवेन्द्र एवं गायिका काजल नागेश्वर व लियाकत खान की जुगलबंदी ने शानदार प्रस्तुति दी। मालवा और निमाड़ की सबसे चर्चित भजन गायिका बंजारन सिस्टर्स ज्योति वर्मा, गौरी, शारदा की उम्दा गायिकी ने समा बांधे रखा। कार्यक्रम में भजन गायक शांतिलाल चौहान, बलराम सोलंकी, राजकुमारी सोलंकी तथा खुशी, मुस्कान अमलावतिया व माही की सराहनीय प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में धार से भजन गायक मयाराम मालवीय, उज्जैन से कमल मालवीय, इंदौर राजेश गोस्वामी सहित मालवा क्षेत्र के अन्य जिलों से भजन मंडलियों ने देर रात तक कार्यक्रम को गतिमान रखा। कार्यक्रम के अंत में समिति की और से संगीत प्रतिभाओं व इस वर्ष आकाशवाणी सुर परीक्षण में उत्तीर्ण कलाकारों का मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चतुर्वेदी ने समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की तथा कलाकारों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत बालकदास साहेब, बाबा साहेब हीरा सेठ, नौशाद भाई, विजय चौहान, श्री तिवारी सहित शहर के प्रबुद्धजन व संगीत श्रोतागण की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन संयोजक शाहबुद्दीन मंसूरी ने किया तथा आभार ओमप्रकाश नागेश्वर ने माना।